आज का मौसम

अधिकतम 38° C
न्यूनतम 26° C
सूर्य अस्त (आज) 7:22
सूर्य उदय (कल) 5:30

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश


अनमोल वचन

“दिन-रात अपने दिमाग को, उच्चकोटि के विचारो से भरो। जो फल प्राप्त होगा वह निश्चित ही अद्भुत होगा।”


वर्ष : 13 अंक : 293 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शनिवार
11 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## संक्षिप्त न्यूज

### ऑस्ट्रेलिया से तमिलनाडु की अमूल्य पुरावशेषों की वापसी पर उपराष्ट्रपति ने जताई खुशी



नई दिल्ली(एजेंसी)। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने ऑस्ट्रेलिया से तमिलनाडु की अमूल्य पुरावशेषों की सफल वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

सोशल मीडिया पर साझा संदेश में उपराष्ट्रपति ने कहा कि इन बहुमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को वापस लाने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक 600 से अधिक कलाकृतियां विभिन्न देशों से भारत वापस लाई जा चुकी हैं, जो इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि पुरातात्विक धरोहरों की वापसी ‘विकास भी, विरासत भी’ के संकल्प के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है।

## ई-20 पेट्रोल के विरोध में इंडियन यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ जताया रोष

जीत समाचार नई दिल्ली(एजेंसी)। ई-20 पेट्रोल को लेकर इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि एथेनॉल मिश्रित ई-20 पेट्रोल के कारण वाहनों के प्रदर्शन और माइलेज पर असर पड़ रहा है, जिससे आम लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने तथा जनता की चिंताओं का समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को वाहन मालिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाने चाहिए।




हालांकि, केंद्र सरकार का कहना है कि एथेनॉल मिश्रित ईंधन का उद्देश्य पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम करना, प्रदूषण घटाना और वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देना है।

## राम मंदिर में कथित दान चोरी मामले पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को करेगा सुनवाई

अयोध्या(एजेंसी)। अयोध्या के राम मंदिर में कथित दान राशि चोरी और उसके दुरुपयोग के मामले में दायर कई याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। याचिकाओं में मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने की मांग की गई है।

मामले में 7 जुलाई को अयोध्या की एक अदालत ने गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों में से तीन को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा था। इससे पहले 29 जून को अदालत ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।



गौरतलब है कि पिछले महीने 13 जून को राम मंदिर की दान राशि के कथित दुरुपयोग के आरोप सामने आने के बाद मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति (एसआईटी) का गठन किया था।

फिलहाल, मामले की जांच जारी है और सर्वोच्च न्यायालय की आगामी सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## दिल्ली पुलिस ने नकली दवाओं के अंतरराज्यीय गिरोह का किया भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली दवाओं के निर्माण और अंतरराज्यीय आपूर्ति में संलिप्त एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उसके मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह प्रतिष्ठित दवा कंपनियों के नाम पर नकली दवाएं तैयार कर उन्हें जाली पैकेजिंग, लेबल और ट्रेडमार्क के जरिए असली उत्पाद के रूप में बाजार में बेचता था। आरोपी इन दवाओं को बाजार मूल्य से लगभग 60 प्रतिशत कम कीमत पर थोक और खुदरा विक्रेताओं को उपलब्ध कराते थे, जिससे उन्होंने कई राज्यों में अपना नेटवर्क फैला लिया था।



पुलिस के अनुसार, यह अवैध कारोबार न केवल दवा कंपनियों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा था, बल्कि गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली नकली दवाओं के कारण आम लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए भी बड़ा खतरा बन गया था।

अपराध शाखा ने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों, नकली दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं, जाली पैकेजिंग तैयार करने वालों, वितरकों और वित्तीय लेन-देन की गहन जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश कर सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# व्हाट्सएप के यूजरनेम फीचर पर सरकार सख्त, मेटा ने मंत्रालय को सौंपा जवाब

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत में व्हाट्सएप पर प्रस्तावित यूजरनेम फीचर को लेकर केंद्र सरकार और मेटा के बीच जारी संवाद के बीच कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को अपना जवाब सौंप दिया है। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मेटा का जवाब शुक्रवार रात प्राप्त हुआ, जिसकी फिलहाल विस्तृत जांच की जा रही है।

सरकार ने इस महीने की पहली तारीख को मेटा को नोटिस जारी कर व्हाट्सएप पर यूजरनेम फीचर लागू करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा था। मंत्रालय ने कंपनी से इस फीचर के तकनीकी, सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी पहलुओं की जानकारी देने को कहा था।

सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय ने मेटा को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस विषय पर सरकार के साथ परामर्श प्रक्रिया पूरी होने तक भारत में यूजरनेम फीचर लागू न किया जाए।

सरकार अब मेटा द्वारा दिए गए जवाब की समीक्षा कर रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई और फीचर के भविष्य को लेकर निर्णय लिया जाएगा। यह मामला देश में डिजिटल सुरक्षा, उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# तीन देशों के दौरे के अंतिम चरण में न्यूजीलैंड पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, ऑकलैंड में हुआ भव्य स्वागत

नई दिल्ली/ऑकलैंड(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के अंतिम चरण में दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा पर न्यूजीलैंड के ऑकलैंड पहुंच गए। लगभग चार दशकों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली न्यूजीलैंड यात्रा है।



ऑकलैंड हवाई अड्डे पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद रहे। लोगों ने तिरंगा लहराते हुए 'किया ओरा मोदी' के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल उत्साह से भर गया।

प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि यह यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के संबंधों को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 'बस्ती में विकास की बहार': मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 504 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात



जीत समाचार उत्तर प्रदेश/बस्ती(ब्यूरो)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद बस्ती में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में 504 करोड़ से अधिक की लागत वाली 77 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'प्रगति का पथ, जनकल्याण का संकल्प' रहा।

हितग्राहियों को मिला लाभः समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र और चेक प्रदान किए। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण और राज्य कर्मचारियों को 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड' भी सौंपे गए।



विकास के नए आयाम : अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं जनपद के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन अमिस्टेड सफलतापूर्वक संपन्न, वेनेजुएला ने भारत की मानवीय सहायता के लिए जताया आभार




नई दिल्ली(एजेंसी)। वेनेजुएला में हाल ही में आए भूकंपों के बाद शुरू किया गया भारत का मानवीय सहायता एवं आपदा राहत मिशन 'ऑपरेशन अमिस्टेड' भारतीय दल के नई दिल्ली लौटने के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। मिशन के दौरान भारत ने राहत, चिकित्सा सेवाओं और आपदा प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने भारत की त्वरित सहायता, सहयोग और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, 26 जून को भारतीय वायुसेना के दो सी-17 ग्लोबमास्टर-।।। विमानों के माध्यम से भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड हस्पिटल यूनिट के 41 सदस्यीय दल को वेनेजुएला भेजा गया था। दल में सर्जन, एनेस्थिसियोलहजिस्ट, अहर्थोपेडिक विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य सहयोगी कर्मी शामिल थे।

मिशन के तहत दो अत्याधुनिक भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एंड मैत्री क्यूब्स भी भेजे गए, जो आपदा की स्थिति में तेजी से तैनात किए जाने वाले पोर्टेबल मिनी अस्पताल हैं। इसके साथ 6 टन आवश्यक दवाइयाँ और चिकित्सा उपकरण तथा 30 टन राहत सामग्री, जिसमें टेंट, सोलर लैंप, पोर्टेबल वाटर प्यूरीफायर और जनरेटर शामिल थे, भी भेजे गए।

वेनेजुएला सरकार के सहयोग से भारतीय फील्ड हॉस्पिटल ने प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से सेवाएँ शुरू कीं। मिशन के दौरान भूकंप प्रभावित लोगों के लिए 8,000 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाएँ और लैब जांच की गईं, जबकि 20 से अधिक बड़ी सर्जरी भी सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।

विदेश मंत्रालय ने मिशन के दौरान भारतीय दल को मिले सहयोग के लिए वेनेजुएला सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऑपरेशन अमिस्टेड भारत और वेनेजुएला की मजबूत मित्रता तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

# प्रदेश के 50.20 लाख परिवारों को बड़ी सौगात, डीबीटी के माध्यम से 1,582 करोड़ से अधिक की राशि जारी



जीत समाचार चंडीगढ़/ हरियाणा। प्रदेश सरकार ने आज सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के 50.20 लाख परिवारों के बैंक खातों में 1,582 करोड़ से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की है। यह लाभ 19 विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रदान किया गया है।

सीधे खातों में पहुँचा लाभ : डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से पहुँचाया गया यह सीधा हस्तांतरण सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रतीक है। इस योजना के अंतर्गत मुख्य रूप से निम्नलिखित लाभ शामिल हैं।

सामाजिक सुरक्षा: 15 विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ।

महिला एवं बाल कल्याण: दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना।

आर्थिक सहायता: दयालु योजना।

घरेलू सहयोग: हर घर-हर गृहिणी योजना।

आवास सुविधा: प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)।

सुशासन की प्रतिबद्धता : सरकार ने स्पष्ट किया है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हर पात्र परिवार तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुँचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस डिजिटल हस्तांतरण से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और पात्र लाभार्थियों को उनका हक सीधे मिल रहा है।

# रोहतक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के दिए निर्देश



जीत समाचार रोहतक। भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव मलय मल्लिक के नेतृत्व में आयोग की टीम ने रोहतक जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के लिए अभियान में और तेजी लाई जाए तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 8,50,304 मतदाताओं में से 5,67,887 मतदाताओं का डिजिटलीकरण पूरा किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का 66.79 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि बूथ स्तर के अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। साथ ही मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा अन्य श्रेणियों के मतदाताओं का सत्यापन भी निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और अद्यतन बनाई जा सके।

भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित मतदाता सूची ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की मजबूत आधारशिला है। आयोग ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मतदाता विवरण का समय पर सत्यापन कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सक्रिय सहयोग दें।

# राजकीय विद्यालय ज्योतिसर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित, 114 विद्यार्थियों की हुई जांच



जीत समाचार कुरुक्षेत्र/ज्योतिसर। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा के निर्देशन में राजकीय विद्यालय, ज्योतिसर में स्कूल स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली और आयुष पद्धति के महत्व के बारे में जानकारी दी।

शिविर के दौरान कुल 114 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन विद्यार्थियों को आवश्यकता थी, उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर बच्चों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# हरियाणा विधानसभा की युवा कल्याण समिति ने किया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का निरीक्षण



जीत समाचार पलवल। हरियाणा विधानसभा की युवा कल्याण एवं युवा मामले विषय समिति ने शुक्रवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति ने विश्वविद्यालय में संचालित युवा कल्याण एवं कौशल विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की और उनकी प्रगति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान समिति ने विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ बैठक कर विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी शिक्षा तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। समिति ने शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार करने और छात्रों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

समिति ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को आधुनिक तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी योजनाओं के क्रियान्वयन पर बल दिया गया।

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

www.zeetsamachar.com शनिवार, 11 जुलाई 2026

## सम्पादकीय

संपादकीयः संपादक की कलम से

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - तकनीकी क्रांति या अस्तित्व का संकट?

आज के दौर में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' चर्चा का सबसे प्रमुख केंद्र बना हुआ है। कुछ लोग इसे मानव विकास की अगली छलांग मान रहे हैं, तो वहीं एक बड़ा वर्ग इसे नौकरियों के छिन जाने और मानवीय अस्तित्व के लिए खतरे के रूप में देख रहा है। यह सच है कि एआई का प्रभाव अभूतपूर्व है, लेकिन इसे देखने का नजरिया संतुलित होना चाहिए।

एआई ने डेटा विश्लेषण, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। जो जटिल गणनाएं पहले हफ्तों में होती थीं, वे अब सेकंडों में संभव हैं। हालांकि, इसके साथ ही 'ऑटोमेशन' को लेकर एक स्वाभाविक डर भी पैदा हुआ है। कई पारंपरिक नौकरियां अब मशीनों द्वारा की जा रही हैं। लेकिन इतिहास गवाह है कि जब-जब तकनीक ने नई करवट ली है, तब-तब पुराने काम बदले हैं, लेकिन नए और बेहतर अवसरों का सृजन भी हुआ है।

प्रश्न यह नहीं है कि क्या एआई हमारी जगह ले लेगा, बल्कि प्रश्न यह है कि हम खुद को इस नई तकनीक के साथ कितनी जल्दी ढाल सकते हैं। भविष्य उन लोगों का है जो 'रि-स्किलिंग' (कौशल विकास) पर ध्यान देंगे। एआई एक उपकरण (टूल) है, न कि मनुष्य का विकल्प। अंततः, मानवीय संवेदना, नैतिक निर्णय और रचनात्मकता ऐसी विशेषताएं हैं, जिन्हें कोई भी एल्गोरिदम प्रतिस्थापित नहीं कर सकता। एआई को डर की दृष्टि से नहीं, बल्कि एक सहयोगी की तरह अपनाने में ही बुद्धिमानी है।

**-कमल पवार**




# ढोल की पोल

एक बार एक जंगल के निकटदो राजाओं के बीच घोर युद्ध हुआ। एक जीता दूसरा हारा। सेनाएं अपने नगरों को लौट गई। बस, सेना का एक ढोल पीछे रह गया। उस ढोल को बजा-बजाकर सेना के साथ गए भांड व चारण रात को वीरता की कहानियां सुनाते थे।

युद्ध के बाद एक दिन आंधी आई। आंधी के जोर में वह ढोल लुढकता-पुढकता एक सूखे पेड के पास जाकर टिक गया। उस पेड की सूखी टहनियां ढोल से इस तरह से सट गई थी कि तेज हवा चलते ही ढोल पर टकरा जाती थी और ढमाढम ढमाढम की गुंजायमान आवाज होती।

एक सियार उस क्षेत्र में घूमता था। उसने ढोल की आवाज सुनी। वह बडा भयभीत हुआ। ऐसी अजीब आवाज बोलते पहले उसने किसी जानवर को नहीं सुना था। वह सोचने लगा कि यह कैसा जानवर हैं, जो ऐसी जोरदार बोली बोलता हैं'ढमाढम'। सियार छिपकर ढोल को देखता रहता, यह जानने के लिए कि यह जीव उडने वाला हैं या चार टांगो पर दौडने वाला।

एक दिन सियार झाडी के पीछे छुप कर ढोल पर नजर रखे था। तभी पेड से नीचे उतरती हुई एक गिलहरी कूदकर ढोल पर उतरी। हलकी-सी ढम की आवाज भी हुई। गिलहरी ढोल पर बैठी दाना कुतरती रही।

सियार बडबडाया ''ओह! तो यह कोई हिंसक जीव नहीं हैं। मुझे भी डरना नहीं चाहिए।''

सियार फूंक-फूंककर कदम रखता ढोल के निकट गया। उसे सूंघा। ढोल का उसे न कहीं सिर नजर आया और न पैर। तभी हवा के झुंके से टहनियां ढोल से टकराईं। ढम की आवाज हुई और सियार उछलकर पीछे जा गिरा।

''अब समझ आया।'' सियार उढने की कोशिश करता हुआ बोला ''यह तो बाहर का खोल हैं।जीव इस खोल के अंदर हैं। आवाज बता रही हैं कि जो कोई जीव इस खोल के भीतर रहता हैं, वह मोटा-ताजा होना चाहिए। चर्बी से भरा शरीर। तभी ये ढम-ढम की जोरदार बोली बोलता हैं।''

अपनी मांद में घुसते ही सियार बोला ''ओ सियारी! दावत खाने के लिए तैयार हो जा। एक मोटे-ताजे शिकार का पता लगाकर आया हूं।''

सियारी पूछने लगी 'तुम उसे मारकर क्यों नहीं लाए?''

सियार ने उसे झिडकी दी ''क्योंकि मैं तेरी तरह मूर्ख नहीं हूं। वह एक खोल के भीतर छिपा बैठा हैं। खोल ऐसा हैं कि उसमें दो तरफ सूखी चमडी के दरवाजे हैं।मैं एक तरफ से हाथ डाल उसे पकडने की कोशिश करता तो वह दूसरे दरवाजे से न भाग जाता?''

चांद निकलने पर दोनों ढोल की ओर गए। जब वह् निकट पहुंच ही रहे थे कि फिर हवा से टहनियां ढोल पर टकराईं और ढम-ढम की आवाज निकली। सियार सियारी के कान में बोला ''सुनी उसकी आवाज? जरा सोच जिसकी आवाज ऐसी गहरी हैं, वह खुद कितना मोटा ताजा होगा।''

दोनों ढोल को सीधा कर उसके दोनों ओर बैठे और लगे दांतो से ढोल के दोनों चमडी वाले भाग के किनारे फाडने। जैसे ही चमडियां कटने लगी, सियार बोला ''होशियार रहना। एक साथ हाथ अंदर डाल शिकार को दबोचना हैं।'' दोनों ने 'हूं' की आवाज के साथ हाथ ढोल के भीतर डाले और अंदर टटोलने लगे। अंदर कुछ नहीं था। एक दूसरे के हाथ ही पकड में आए। दोंनो चिल्लाए ''हैं! यहां तो कुछ नहीं हैं।'' और वे माथा पीटकर रह गए।

सीखः शेखी मारने वाले ढोल की तरह ही अंदर से खोखले होते हैं।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# गौरव वीर सिंह सोहल को राशि अग्रवाल ने किया सम्मानित।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 87वे स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

जीत समाचार लुधियाना। शहर के सिविल लाइन्स स्थित माधव सदन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 78वा स्थापना दिवस बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर स्टूडेंटस से जुड़ी समस्याओं पर बहुत से वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए। विद्यार्थी परिषद के गौरव वीर सोहल के विचारों को उपस्थित सभी ने खूब सराहा। इस मौके पर अग्रवाल परिवार मिलन संघ के महिला विंग की चौरपेर्सन व भाजपा नेत्री राशि अग्रवाल ने विद्यार्थी परिषद व देश के लिए अपने तन मन और धन सेवा देने वाले और स्टूडेंट्स के उत्थान के लिये दिन रात एक करने वाले गौरव वीर सोहल को बुके देकर सन्मानित किया।



गौरतलब है कि गौरव वीर सिंह सोहल पंजाब यूनिवर्सिटी 2025–26 प्रेसिडेंट होने के नाते इस विशेष कार्यक्रम में ।सम्मिलित हुए । राशि अग्रवाल ने कहा कि उन्हें सम्मानित करना , आने वाले पंजाब के सुनहरे भविष्य को साकार रूप मे देखने के समान सुखद रहा

# एडीसी ने 30 जुलाई से होने वाली अग्निवीर रैली के इंतजामों का रिव्यू किया



जीत समाचार पटियाला। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) श्रीमती अनुप्रिता जोहल ने 30 जुलाई से 10 अगस्त, 2026 तक राजा भलिंदर सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, पटियाला में होने वाली पंजाब की सबसे बड़ी अग्निवीर रिक्रूटमेंट रैली की तैयारियों का रिव्यू किया।

इस मौके पर श्रीमती अनुप्रिता जोहल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिला प्रशासन पंजाब के युवाओं को ज़्यादा से ज़्यादा रोजगार के मौके देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रिक्रूटमेंट रैली को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए भारतीय सेना को सभी जरूरी एडमिनिस्ट्रेटिव और बेसिक मदद दी जाएगी। उन्होंने अलग-अलग डिपार्टमेंट को रैली के दौरान सही इंतजाम करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि यह पंजाब के युवाओं को रोजगार देने का एक सुनहरा मौका है। उन्होंने कहा कि यह रिक्रूटमेंट रैली पटियाला सिविल एडमिनिस्ट्रेशन और आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस , पटियाला द्वारा आयोजित की जा रही है। इस बारे में आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस, पटियाला के डायरेक्टर रिक्रूटमेंट ने कहा कि चूंकि यह पंजाब की पहली और सबसे बड़ी रिक्रूटमेंट रैली है, इसलिए रिक्रूटमेंट प्रोसेस को सबसे ट्रांसपेरेंट, आसान और सुरक्षित तरीके से करने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। इस मौके पर अलग-अलग डिपार्टमेंट के ऑफिसर मौजूद थे।

# स्कूलों में बनाई गई सुंदर रंगोलियों ने वोटर जागरूकता का बेहतरीन संदेश दिया

जीत समाचार तरनतारन। डिप्टी डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर-कम-नोडल अहफिसर स्वीप राजिंदर कौर के नेतृत्व में जिले भर के सभी स्कूलों में वोटर जागरूकता के लिए अनोखे प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत स्टूडेंट्स और टीचर्स ने पूरे जोश के साथ एसआईआर थीम पर आधारित सुंदर रंगोलियां बनाकर लोगों को वोट के अधिकार के बारे में जागरूक किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों के जरिए 'वोटर बनें, वोट दें', 'हर वोट जरूरी ह' और 'लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट करें' जैसे संदेशों को बहुत ही कलात्मक तरीके से पेश किया गया। स्कूलों के मेन गेट और आंगनों में बनाई गई इन रंगोलियों ने स्टूडेंट्स के साथ-साथ आने-जाने वाले आम लोगों का भी ध्यान खींचा। इस मौके पर बोलते हुए राजिंदर कौर ने कहा कि वोटर जागरूकता बहुत जरूरी काम है और हम इसमें 100 परसेंट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रंगोली जैसी क्रिएटिव एक्टिविटीज के जरिए लोगों तक संदेश आसानी से पहुंचता है। उन्होंने सभी टीचर्स को स्टूडेंट्स को उनके वोटिंग राइट्स के बारे में ज़्यादा अवेयर करने के लिए मोटिवेट किया।

# मानसा: वोटर लिस्ट के विशेष रिवीजन के लिए 11-12 जुलाई को लगेंगे स्पेशल कैंप



जीत समाचार मानसा। जिला मानसा में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत वोटरों की सुविधा के लिए 11 और 12 जुलाई को सभी पोलिंग बूथों पर स्पेशल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। पंजाब की मुख्य चुनाव अधिकारी अनिंदिता मित्रा के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह कदम नागरिकों को उनके मतदान के अधिकार से जोड़ने के लिए उठाया गया है।

क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी? : डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर-कम-डिप्टी कमिश्नर श्रीमती नवजोत कौर ने बताया कि इन दो दिनों के कैंप में नागरिक निम्नलिखित कार्यों के लिए बूथ लेवल अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

नया वोट: फॉर्म नंबर 6 भरकर नया वोट बनवा सकते हैं।

सुधार: नाम, पता, उम्र या फोटो में गलती होने पर फॉर्म नंबर 8 के माध्यम से ठीक करवा सकते हैं।

अन्य सेवाएँ: वोटर लिस्ट में नाम चेक करना या वोट कटवाने जैसी सेवाओं के लिए भी मदद ली जा सकती है।

समय और जरूरी दस्तावेज समय: कैंप सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेंगे।

जरूरी चीजें: आवेदक को अपने साथ केवल हाल ही की पासपोर्ट साइज फोटो लानी होगी।

अधिक जानकारी के लिए: जिला चुनाव अधिकारी ने मानसा के सभी नागरिकों और विशेषकर 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं से अपील की है कि वे इन कैंपों का भरपूर लाभ उठाएं। अधिक जानकारी या किसी भी सहायता के लिए चुनाव आयोग के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# बरनाला के होनहार बालक अव्यक्त शर्मा ने जीते दो बड़े सम्मान, पंजाब का बढ़ाया मान

जीत समाचार बरनाला। पंजाब के बरनाला शहर के होनहार बालक अव्यक्त शर्मा ने अपनी असाधारण प्रतिभा और याददाश्त के दम पर एक ही सप्ताह में दो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मान प्राप्त कर पंजाब का नाम रोशन किया है।




अव्यक्त शर्मा ने तीन मिनट से भी कम समय में अंग्रेजी के अक्षर ए से जेड़ तथा 0 से 9 तक के अंकों को रैंडम क्रम में सही पहचानकर अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति का प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर 21 मई 2026 को उन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा से सम्मानित किया गया।

असेसमेंट के दौरान अव्यक्त ने सीखने और पहचानने से जुड़ी 10 विभिन्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया तथा 160 से अधिक वस्तुओं, चित्रों और शैक्षिक विषयों की सही पहचान कर निर्णायकों को प्रभावित किया।

अव्यक्त की सफलता में उनके माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके पिता तुषार शर्मा पिछले 18 वर्षों से बरनाला के निजी वाई.एस. स्कूल में अध्यापक हैं, जबकि उनकी माता कोमल शर्मा ने बेटे को बेहतर संस्कार और उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।

परिवार ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को समय रहते पहचानकर सही दिशा दी जाए तो वे देश और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। अव्यक्त शर्मा की यह सफलता न केवल बरनाला बल्कि पूरे पंजाब के लिए गर्व का विषय बन गई थें।

# सेक्टर-34 मंडी ग्राउंड में फोल्डिंग बाजार दोबारा शुरू करने की मांग, आम आदमी पार्टी ने नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



जीत समाचार चंडीगढ़। सेक्टर-34 मंडी ग्राउंड में प्रत्येक वीरवार लगने वाले कपड़ों के फोल्डिंग बाजार से जुड़े लगभग 500 मेहनतकश परिवारों के रोजगार का मुद्दा उठाते हुए आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त अमित कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दो सप्ताह से बंद पड़े फोल्डिंग बाजार को तत्काल बहाल करने की मांग की।

प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बाजार बंद होने से सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि गरीब एवं छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द बाजार को दोबारा शुरू किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मेयर कुलदीप कुमार, माइनॉरिटी विंग के प्रधान शादाब राठी, ट्रेड विंग एवं आरडब्ल्यूए ऑब्जर्वर विनीत वर्मा, महासचिव सनी औलख, ग्रामीण प्रधान जगपाल सिंह जग्गा तथा मीडिया इंचार्ज विक्रांत तनवर शामिल रहे।

आम आदमी पार्टी ने कहा कि वह मेहनतकश, गरीब और छोटे व्यापारियों के रोजगार एवं अधिकारों की रक्षा के लिए आगे भी आवाज उठाती रहेगी।

# 3500 रुपये की रिश्वत लेते पटवारी विजिलेंस के हत्थे चढ़ा

जीत समाचार ब्यूरो जालंधर। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जालंधर जिले के माल हल्का फोलड़ी खुर्द, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय नकोदर में तैनात पटवारी गुरजीत सिंह को 3500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

विजिलेंस के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने वर्ष 2016 में माता-पिता की मृत्यु के बाद तीन भाइयों के नाम पर विरासत दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। इस



कार्य के बदले पटवारी ने पहले 5000 रुपये रिश्वत मांगी। बाद में सौदा 3500 रुपये में तय हुआ।

शिकायत की जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो ने जाल बिछाया और सरकारी गवाहों की मौजूदगी में पटवारी को 3500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना, जालंधर में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।



# 'राज्यपाल ने किया अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ'

## सरदार पटेल भारत के एकीकरण और संघीय व्यवस्था के शिल्पकारः राज्यपाल




जीत समाचार शिमला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सरदार पटेल की दृष्टि, एकीकरण, एकात्मता और संघवाद की परिकल्पना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 'वंदे मातरम् की यात्रा' प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

एकता के प्रतीक थे सरदार पटेल : राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल न केवल भारत के राजनीतिक एकीकरण के मुख्य शिल्पकार थे, बल्कि वे भारतीय संघीय व्यवस्था को मजबूती देने के भी प्रबल समर्थक थे। उनके विचार आज भी देश की अखंडता के लिए प्रेरणादायक हैं।

उप-राष्ट्रपति का संदेश : इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण वे शिमला नहीं पहुँच सके। हालाँकि, उप-राष्ट्रपति ने वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और सरदार पटेल के योगदान को याद किया।

## चढ़ियारः बक्शी ताप सिंह स्कूल में एलपीजी सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित



जीत समाचार चढ़ियार(अभिषेंक न्यूज एडिटर)। चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा बक्शी प्रताप सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चढ़ियार में एलपीजी सुरक्षा जागरूकता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।

सुरक्षा का मिला पाठः कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एलपीजी के सुरक्षित उपयोग, गैस रिसाव (समांहम) की पहचान और दुर्घटनाओं से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने लाइव डेमो के माध्यम से रेगुलेटर लगाने-हटाने की सही विधि और सुरक्षा मानकों को समझाया।

मानक उत्पादों पर जोरः चढ़ियार गैस सर्विस ने इंडेन के आईएसआई प्रमाणित गैस पाइप, स्टोव और रेगुलेटर जैसे सुरक्षा उपकरणों के उपयोग पर जोर देते हुए बताया कि प्रमाणित उपकरण ही हादसों को रोकने में सहायक हैं।

उद्देश्यः इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से सुरक्षा की जानकारी को प्रत्येक परिवार तक पहुँचाना था। चढ़ियार गैस सर्विस ने भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता अभियान जारी रखने का संकल्प दोहराया।

"सुरक्षा हमारी प्राथमिकता, जागरूकता हमारी जिम्मेदारी।" - चढ़ियार गैस सर्विस

# एंटी चिट्टा अवेयरनेस फुटबॉल टूर्नामेंटः 'मैजिशियन एफसी' बनी विजेता, युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ




जीत समाचार, मंडी(ब्यूरों) । जिला प्रशासन मंडी के सहयोग से पड्डल मैदान में आयोजित 'एंटी चिट्टा अवेयरनेस' 7-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में मैजिशियन एफसी ने नेपोलियन एफसी को 4—3 के रोमांचक अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

मंडलायुक्त ने किया सम्मानित : समापन समारोह में मंडलायुक्त डॉ. आर.के. प्रुथी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता टीम श्मैजिशियन एफसीश को ट्रॉफी और 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार, तथा उप-विजेता 'नेपोलियन एफसी' को ट्रॉफी और 15 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही, बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

'नशा मुक्त हिमाचल' का संकल्प : इस अवसर पर मंडलायुक्त ने सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को 'चिट्टा मुक्त मंडी-नशा मुक्त हिमाचल' की शपथ दिलाई। डॉ. प्रुथी ने कहा, 'खेल युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का संचार करते हैं। नशा समाज के लिए अभिशाप है, जिसे केवल जन-सहभागिता से ही खत्म किया जा सकता है।'

प्रशासन की सराहनीय पहल : उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मुख्य अतिथि का शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने टूर्नामेंट की सफलता के लिए आयोजकों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को गलत राह से हटाकर सकारात्मक दिशा की ओर प्रेरित करने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी समीर, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लीला विलास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# चढ़ियार पीडब्ल्यूडी विश्रम गृह में विधायक किशोरी लाल ने कार्यकर्ताओं के साथ की मासिक बैठक, विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा



जीत समाचार, बैजनाथ/चढ़ियार (अभिषेक न्यूज एडिटर)। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, चढ़ियार में आयोजित मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ सहभागिता की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान विधायक किशोरी लाल ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास संबंधी सुझाव प्राप्त किए तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनता का सहयोग ही विकास की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सुझावों का सम्मान करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण एवं जनसेवा के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। विधायक किशोरी लाल ने विश्वास जताया कि जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का समर्पण उन्हें निरंतर जनहित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# भलेई कॉलेज बंद करने के फैसले के विरोध में फूटा जनाक्रोश, लोगों ने किया चक्का जाम



जीत समाचार चंबा (ब्यूरों)। चंबा जिले के सुंडला-बनीखेत मुख्य मार्ग पर स्थित भलेई नाला के समीप शुक्रवार को भलेई कॉलेज को बंद करने के सरकारी फैसले के विरोध में स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने सड़क पर उतरकर चक्का जाम किया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से भलेई कॉलेज को तत्काल बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि कहलेज बंद होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उनका कहना था कि दूर-दराज के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि कॉलेज को पुनः शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। चक्का जाम के कारण कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा।

# हिमाचल प्रदेश में 3,500 करोड़ रुपये से विकसित होगी आपदा-रोधी आधारभूत संरचना :मुख्यमंत्री सुक्खू



जीत समाचार शिमला(ब्यूरों)। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और राज्य को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए लगभग 3,500 करोड़ रुपये की लागत से आपदा-रोधी आधारभूत संरचना विकसित की जाएगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को शिमला स्थित डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा) में आयोजित 'टूवार्ड्स रेजिलिएंस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग इन हिमालय' विषय पर उच्च स्तरीय कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रबंधन को मजबूत करने, आधुनिक एवं सुरक्षित आधारभूत ढांचे के निर्माण तथा भविष्य की प्राकृतिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में बड़े स्तर पर निवेश कर प्रदेश को अधिक सुरक्षित और आपदा-सहिष्णु बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

